POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 28.04.2026

थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा गोतस्करी से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय व अपर पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर व अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में व सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव के कुशल नेतृत्व में गंगानगर-जोन के थाना नवाबगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-143/2026 धारा-3/5A/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 61(2)क भा0न्या0सं0 से सम्बन्धित गोतस्करी का वांछित अभियुक्त कासिम पुत्र बच्चे निवासी ग्राम मुबारकपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना नवाबगंज पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-28.04.2026 को थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत उठगी चौराहा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घूमन्तु पशुओं को रात्रि के समय पिकअप पर लादकर पशु क्रुरता हेतु बिहार राज्य भेजा जाता था, जिसके सम्बन्ध में थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0-143/2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित पूर्व में 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

कासिम पुत्र बच्चे निवासी ग्राम मुबारकपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 25 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-143/2026 धारा-3/5A/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 61(2)क भा0न्या0सं0 थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

अभियुक्त कासिम उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-500/17 धारा-376(डी) भादसं0 व 5/6 पॉक्सो एक्ट थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0-414/22 धारा-3/5A/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. मु0अ0सं0-212/24 धारा-323/504/506 भा0द0सं0 थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. मु0अ0सं0-143/2026 धारा-3/5A/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व 61(2)क भा0न्या0सं0 थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 कुंवरभान चन्द्र, चौकी प्रभारी श्रृंग्वेरपुर थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. हे0का0 जय प्रकाश यादव, थाना नवाबगंज कमिश्नरेट प्रयागराज।

थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर हत्या के अभियोग का 01 नामजद वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक-28.04.2026 को 24 घंटे के अंदर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 150/2026 धारा 191(2)/103(1) बीएनएस का नामजद वांछित 01 अभियुक्त मो0 राशिद पुत्र मो0 शहीद उर्फ उसराहू नि0 ग्राम बडी बोंगी थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज को ग्राम बलीपुर थाना क्षेत्र घूरपुर प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जी रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक- 27.04.2026 को वादी मो0 हुसैन पुत्र स्व0 निसार अहमद निवासी ग्राम बड़ी बोंगी थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज द्वारा थाना स्थानीय पर दिये गये प्रार्थना पत्र बावत् वादी के पिता निसार अहमद पता उपरोक्त को विपक्षीगण द्वारा बकरी हाकने की रंजिश को लेकर एक राय होकर लाठी डण्डे से मारपीट कर चोट पहुँचाना, दौराने इलाज अस्पताल में निसार अहमद की मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 150/2026 धारा 191(2)/103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

आज दिनांक-28.04.2026 को थाना घूरपुर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के अंदर मुकदमा उपरोक्त के नामजद वांछित अभियुक्त मो0 राशिद पुत्र मो0 शहीद उर्फ उसराहू को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ पर अभियुक्त मो0 राशिद पुत्र मो0 शहीद उर्फ उसराहू उपरोक्त ने बताया कि दिनांक-27.04.2026 को मेरी बकरी मेरे मामा निसार अहमद के घर पर चली गयी थी, तो मेरे मामा के लडके मो0 हुसैन ने ईट उठाकर मार दिया, जिससे मेरी बकरी की आँख में चोट लग गयी

। उसी बात की शिकायत मामा से करने मै तथा मेरे अन्य भाई गये थे, उसी समय मेरे भाई गुड्डू ने वही पडी एक मोटी लडकी के टुकडे को उठाकर मामा के सिर पर मार दिया। इसके बाद हम लोग डरकर मौके से भाग गये। बाद में जानकारी हुई कि मामा की मृत्यु अस्पताल में हो गयी है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मो0 राशिद पुत्र मो0 शहीद उर्फ उसराहू नि0 ग्राम बडी बोंगी थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 25 वर्ष।

संबंधित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 150/2026 धारा 191(2)/103(1) बीएनएस थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 दिनेश सिंह, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 अमित यादव, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 अमित यादव, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 सूरज सिंह, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 आदित्य राय, थाना घूरपुर कमिश्नरेट प्रयागराज।